नईदुनिया

भोपाल, 19 मार्च 2026

# सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण यज्ञ संपन्न

## डॉ. अनिल देव प्रभाकर शास्त्री ने जताया आभार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के बिट्टन दशहरा मैदान में आयोजित भव्य 'सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण, महारुद्र यज्ञ एवं महा रुद्राभिषेक' का सफल समापन हुआ। इस अवसर पर गृहस्थ संत पूज्य बड़े भैया डॉ. अनिल देव प्रभाकर शास्त्री ने समस्त गुरु परिवार और सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि अटूट श्रद्धा और सेवा का प्रत्यक्ष प्रमाण था। डॉ. शास्त्री ने विशेष रूप से कार सेवकों और गुरु परिवार के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके अविस्मरणीय सहयोग और मेहनत से इस विशाल संकल्प को सिद्धि प्राप्त हुई। उन्होंने आयोजन समिति और भोपाल शिष्य मंडल को विशेष धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'देश के कोने-कोने से आए हजारों श्रद्धालुओं के आवास, भोजन और सुगम दर्शन के लिए जो उत्तम व्यवस्थाएं भोपाल शिष्य मंडल द्वारा की गईं, वह अनुकरणीय हैं।



इस अवसर पर डॉ. शास्त्री ने जिला प्रशासन और पुलिस बल का भी आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यज्ञ निर्बाध रूप से संपन्न हुआ। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों का धन्यवाद किया और भोपाल के जनमानस और भक्त मंडल की सहभागिता को सराहा।

आखिर में डॉ. शास्त्री ने आशीर्वाद स्वरूप कहा कि भगवान भोलेनाथ और पूज्य दद्दा जी की कृपा समस्त गुरु परिवार और राष्ट्र पर बनी रहे। इस आयोजन ने राजधानी को शिवमय कर समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया है। श्रद्धालु 20 मार्च से शाम 7 बजे से शुभ टीवी पर इस आध्यात्मिक महाकुंभ का विशेष प्रसारण देख सकते हैं।

### बेटे के साथ जा रही माँ की चलती बाइक से गिरकर मौत

**भोपाल।** देहात इलाके के बैरसिया थाना क्षेत्र में स्थित रमगढ़ा गांव के पास मेन रोड पर चलती बाइक से गिरने से महिला की मौत हो गई। वह बेटे के साथ मोटरसाइकिल से जा रही थीं। इसी दौरान वह गाड़ी से गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गई थीं। उसका उपचार भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल में जारी था। जहॉं मंगलवार को उन्होंनें दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक ग्राम गोंडीपुरा बैरसिया निवासी रेखा बाई सेन (49) के पति पर्वत सेन की करीब तीन साल पहले मौत हो चुकी है। वह अपने इकलौते नाबालिग बेटे के साथ रहती थीं। 13 मार्च को रेखा बाई बेटे के साथ कहीं जा रही थीं। इस बीच रमगढ़ा रोड पर वह चलती गाड़ी से गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गईं। पुलिस का कहना है कि रेखा बाई शुगर और बीपी की बीमारी से पीड़ित थीं। अनुमान है की अचानक चक्कर आने पर वह चलती गाड़ी से नीचे गिरी होंगी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौप दिया है।

# कवि सम्मेलन हमारी समृद्ध काव्य परम्पराओं के हैं सजीव संवाहक : मुख्यमंत्री



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत की मिट्टी कवियों की उर्वर भूमि है और कवि सम्मेलन हमारी समृद्ध काव्य परंपराओं के सजीव संवाहक हैं। उन्होंने भोपाल के अटल पथ पर आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना हमारा लक्ष्य है और शीघ्र भोपाल से ओरछा तक हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने सम्मेलन में उपस्थित कवियों और सामाजिक सेवा समितियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत और सम्मान किया। उन्होंने कहा कि देश में लगभग 7 हजार भाषाएं-बोलियां बोली जाती हैं और हर भाषा का समृद्ध साहित्य है। मध्यप्रदेश की धरती पर बाणभट्ट, कालिदास, राजशेखर, पतंजलि, भर्तहरि, अनंगहर्ष, वत्सराज, केशवदास, पद्माकर और बिहारी जैसे कवि हुए। राजा भोज के शासनकाल में ज्ञान और कला का निरंतर अभिषेक होता था और बुनकर भी संस्कृत कविताएं रचते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कवियों की वाणी ने युवाओं में साहित्य के प्रति प्रेम बनाए रखा है। उन्होंने कार्यक्रम के सूत्रधार विधायक श्री रामेश्वर शर्मा और कर्मश्री संस्था को इस आयोजन की रजत जयंती पर बधाई दी। कार्यक्रम में चैत्र प्रतिपदा, गुड़ी पड़वा, उगादि, चैती चांद और नवरेह के अवसर पर विविधता में एकता का संदेश मिला।

कार्यक्रम में विधायक रामेश्वर शर्मा, प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास, महापौर श्रीमती मालती राय, कवि दिनेश बावरा, सुदीप भोला, अजय अंजान, कुशल कुशलेन्द्र, सुश्री सान्या राय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और श्रोता उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी व विधायक सतीश उपाध्याय ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर सौजन्य भेंट की।

### मुख्यमंत्री से नेशनल डिफेंस कॉलेज के विदेशी प्रशिक्षु अधिकारियों की भेंट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से नेशनल डिफेंस कॉलेज में प्रशिक्षण ले रहे 5 देशों के 16 सदस्यीय ट्रेनी ऑफिसर्स ने समत्व भवन में सौजन्य भेंट की। प्रशिक्षण दल में फ्रांस, यूएई, भूटान, नेपाल और म्यांमार के अधिकारी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश की प्राकृतिक संपदा, घने वन, वन्यजीवों, नदी-तालाबों और ऐतिहासिक स्थलों का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि राज्य में बेरोजगारी दर देश में सबसे कम है और 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ मेला के लिए तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं।

### प्रदेश कांग्रेस में संगठन विस्तार

**नप्र, भोपालः** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार संगठन को मजबूत बनाने के लिए व्यापक विस्तार किया गया है। बुरहानपुर शहर, भोपाल ग्रामीण, सिंगरौली ग्रामीण, सिंगरौली शहर, उमरिया, रीवा ग्रामीण, रीवा शहर और दमोह जिलों में नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसके अलावा 13 विधानसभा क्षेत्रों में मंडल अध्यक्ष और 47 नगर अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। संगठन महासचिव डॉ. संजय कामले ने बताया कि इन नियुक्तियों का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देना और बूथ स्तर तक कांग्रेस की पकड़ मजबूत करना है। नव-नियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे सक्रियता, निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करें। डॉ. कामले ने सभी को बधाई दी।

# जिला स्तरीय मूल्यांकन समिति की बैठक में 63 सुझावों पर चर्चा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** जिला स्तरीय मूल्यांकन समिति की बैठक कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिला के विधायक भगवानदास सबनानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में प्रस्तावित गाइडलाइन वर्ष 2026-27 पर मंथन किया गया और आमजन से प्राप्त कुल 63 सुझावों पर विस्तृत चर्चा हुई।

सुझावों में अलार्क रेसीडेंसी की दरों में कमी को आंशिक रूप से स्वीकार किया गया। ग्राम-भौरी की कृषि भूमि की दरें वर्तमान प्रचलित दरों के अनुसार यथावत रखी गई। मेफेयर कॉलोनी, महोली और दीपड़ी क्षेत्र की दरों पर भी समिति ने संशोधन किया। गोल्डन सिटी जाटखेड़ी और नूर-उस-सबाह रेसीडेंसी के कुछ सुझाव अमान्य ठहराए गए।

बैठक में री-ट्रांसफर नीति पर भी विचार हुआ। इसमें कहा गया कि तीन वर्ष के भीतर संपत्ति का पुनः पंजीकरण होने पर पहले जमा स्टाम्प ड्यूटी का समायोजन किया जाना चाहिए, जिससे निवेशकों पर अनावश्यक आर्थिक भार नहीं पड़ेगा।

कलेक्टर ने सभी सुझावों को अंतिम रूप देने और आवश्यक मामलों को केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजने का प्रस्ताव रखा। समिति ने आगामी बैठक में गाइडलाइन को अंतिम रूप देने का निर्णय लिया। यह बैठक संपत्ति मूल्यांकन में पारदर्शिता, निवेश को प्रोत्साहन और नागरिक सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

### फरार बदमाश पर दस हजार का इनाम

**नप्र, भोपालः** कोलार इलाके में दो महीने से फरार चल रहे बदमाश जीतू यादव पर पुलिस ने दस हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया है। इन दो महीनों के अंदर बदमाश जीतू यादव, उसके भाई अमन यादव, समेत एक दर्जन गुर्गों पर मारपीट धमकी हत्या के प्रयास के मामले दर्ज हो चुके हैं। अब तक कोलार प्रदेश टडे पुलिस हत्या के प्रयास के मामले में जीतू यादव और कृष्णा नागले को नहीं पकड़ पाई है। 2 जनवरी से फरार है, वही जीतू यादव पर 3 मार्च को नए थाने कजलीखेड़ा में एफआईआर दर्ज हुई। जिसमें, जीतू के गुर्गे शामिल है, मामले ने दो आरोपियों को पुलिस ने जेल भेजा है, जबकि जीतू यादव इस मामले में भी फरार चल रहा है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि कोलार पुलिस की डायरी ने अब तक फरार जीतू यादव और उसके गुर्गे क्षेत्र के आतंक मचाये हुए है।

# 30 हजार का इनामी चाकूबाज अमन नेपाली गिरफ्तार

**नप्र, भोपालः** राजधानी पुलिस ने दो प्राणघातक हमलों के आरोपी और 30 हजार रुपए के इनामी बदमाश अमन उर्फ नेपाली को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी।

पुलिस आयुक्त संजय सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अवधेश गोस्वामी और डीसीपी जोन-3 श्री मयूर खंडेलवाल के मार्गदर्शन में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। जानकारी के अनुसार, 19 जनवरी को जहांगीराबाद निवासी नगमा खान की शिकायत पर अमन नेपाली, फैजान और नौफिल के खिलाफ प्राणघातक हमले का मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि अमन और फैजान फरार थे।

इसी बीच 12 मार्च को आरोपी अमन और उसके साथी ने नूर महल रोड पर एक अन्य युवक पर चाकू से हमला किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश तेज कर दी। 17 मार्च को मुखबिर की सूचना पर टीलाजमालपुरा और तलैया थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को गांधीनगर क्षेत्र से घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने दोनों घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे का चाकू भी बरामद किया है। अमन नेपाली आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## नव संवत्सर प्रकृति के नवसृजन का उत्सव

# युवा पीढ़ी को वसुधैव कुटुंबकम् का बोध कराना जरूरी : गौर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने गुड़ी पड़वा और विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ पर 'नूतन वर्ष आरंभ उत्सव' में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

उन्होंने कहा कि नव संवत्सर केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति के नवसृजन का प्रतीक है। ऋषियों ने नववर्ष का आरंभ उसी समय किया जब प्रकृति नई ऊर्जा से परिपूर्ण होती है, जो सनातन ज्ञान और विज्ञान की दूरदर्शिता को दर्शाता है। राज्यमंत्री ने बताया कि हमारी संस्कृति केवल मानव ही नहीं, बल्कि समस्त सृष्टि के कल्याण की भावना से प्रेरित है। पीपल, तुलसी, नदियाँ और सूर्य पूजनीय माने गए हैं, जो प्रकृति और जीवों के प्रति करुणा को दर्शाता है। उन्होंने युवाओं को अपने गौरवशाली इतिहास, परंपराओं और संस्कृति से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि उन्हें 'वसुधैव कुटुंबकम' का संदेश जीवन में अपनाना चाहिए।

इस अवसर पर राज्यमंत्री ने आयोजकों को भव्य उत्सव के लिए बधाई दी और सभी को नव संवत्सर पर एकता, सेवा और संस्कार की ज्योति प्रज्ज्वलित करने का संकल्प लेने का संदेश दिया। इस प्रकार यह पर्व संस्कृति, विज्ञान और पर्यावरणीय संतुलन का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है।

### मेट्रीमोनियल साइट पर दोस्ती के बाद युवती से होटल में रेप

**नप्र, भोपालः** मिसरोद थाना इलाके में मेट्रीमोनियल साइट पर दोस्ती के बाद एक युवती से रेप किये जाने की घटना सामने आई है। आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा दिया था। पहली बार वारदात को एक होटल ले जाकर अंजाम दिया गया था। बीते दिनो आरोपी ने शादी करने से इंकार कर दिया इसके बाद मामला पुलिस के पास पहुचां। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 36 वर्षीय युवती ने अपनी शिकायत में बताया की वह मिसरोद इलाके में रहती है, और प्राइवेट नौकरी करती है। बीते साल अक्टूबर के महीने में मेट्रीमोनियल साइट जीवनसाथी डाट कॉम पर हेमंत कीर नाम के युवक के संपर्क में आई थी। चैटिंग के बाद उनके बीच शादी की बात चलने लगी। नवंबर 2025 में वह युवती से मुलाकात करने के लिए बुधनी से भोपाल आया और यहां आकर मिसरोद इलाके में रुक गया। उसने युवती को बातचीत करने के लिए होटल में बुलाया और जल्द ही शादी की बात कहते हुए उसके साथ होटल में शारीरिक संबंध बना लिए। पीड़िता ने मिसरोद थाने पहुंचकर उसकी शिकायत कर दी।

# सिंधी मेले में 22 को कमलेश और प्रिया मचाएंगे धूम



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** सिंधु नवजागरण समिति द्वारा चैतीचांद पर आयोजित सिंधी सांस्कृतिक संध्या व सिंधी मेले में कमलेश कपूर, टी.सीरिस फेस सिंगर मुम्बई, प्रिया ज्ञानचंदानी व कशिश डांस ग्रुप बम्बई, इंदौर व नागपुर के कलाकारों के साथ प्रस्तुति देंगे। 22 मार्च को रात्रि 8 बजे साधु वासवानी स्कूल ग्राउण्ड पर कार्यक्रम में बच्चो के लिए झूले व सिंधी व्यंजन स्टाल लगाए जाएंगे। इसके अलावा आम भंडारे का आयोजन भी किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील समिति अध्यक्ष नरेश चोटरानी, घनश्याम लालवानी, रमेश वाधवानी, सुरेश चोटरानी, नरेन्द्र केवलानी, माधु चांदवानी, आसनदास वाधवानी, महेश खटवानी, मुरली गुरबानी, हरीश वलेचा, रमेश हिमथानी, महेश दादलानी, दिलीप दीनानी, हीरो आडवानी, कन्हैया नागदेव, अनिल टेकचंदानी, कमलेश छुगानी आदि ने नगरवासियों से की है।

**स्मार्ट बोतल के लिए संत कॉलेज टीचर्स ने कराया पटेंटः** संत हिरदाराम कॉलेज की शिक्षिकाओं को स्मार्ट बोतल के लिए डिजाइन के लिए भारत सरकार द्वारा डिज़ाइन पंजीकरण प्रमाण पत्र दिया गया है। यह पटेंट डॉ. डालिमा पारवानी प्राचार्या, ज्योति सिंह, डॉ. शाजिया खान, डॉ. वर्षा मंडवारिया, मंजू देवनानी, डॉ. दिव्या पटेल तथा सोनिया शर्मा के सामूहिक प्रयास से मिला है।

### महापौर और निगम अध्यक्ष ने दी हिन्दू नववर्ष, गुड़ी पड़वा की बधाई

**भोपाल।** महापौर श्रीमती मालती राय और नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने शहरवासियों को हिन्दू नववर्ष, गुड़ी पड़वा और चैती चांद की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष श्रीमती शबिस्ता आसिफ जकी, महापौर परिषद के सदस्य और पार्षदगण भी शामिल थे, जिन्होंने सभी नागरिकों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

महापौर परिषद के सदस्य राजेश हिंगोरानी, रविन्द्र यती, मनोज राठौर, जगदीश यादव, आनंद अग्रवाल, श्रीमती सुषमा बावीसा, जीतेन्द्र शुक्ला सहित कई अन्य सदस्यों ने इस शुभ अवसर पर बधाई दी। पार्षदगण जैसे लक्ष्मण राजपूत, श्रीमती कुसुम चतुर्वेदी, श्रीमती करिष्मा विकास मीना, श्रीमती ज्योति यादव, श्रीमती प्रिंयका अनिल मिश्रा, शैलेष साहू, मोहम्मद सरवर और अन्य ने भी इस अवसर पर शुभकामनाएं दीं।

### निगम सीमा में मांस विक्रय की दुकानें पूर्णतः बंद रहेगी

**भोपाल।** चेटी चंड के अवसर पर शुक्रवार, 20 मार्च 2026 को नगर निगम भोपाल की सीमांतर्गत मांस विक्रय की सभी दुकानें पूर्णतः बंद रहेंगी। इसी प्रकार शुक्रवार, 27 मार्च 2026 को रामनवमी, मंगलवार, 31 मार्च 2026 महावीर जयंती तथा शुक्रवार, 01 मई 2026 को बुद्ध जयंती के अवसर पर भोपाल नगर निगम सीमा के अन्तर्गत समस्त मांस विक्रय की दुकाने बंद रहेंगी यदि कोई भी मांस विक्रय करते हुये पाया गया, तो उसका लायसेंस निरस्त करते हुए पुलिस कार्यवाही की जावेगी।

**NAME OF CHANGE**

MY PREVIOUS NAME WAS DILIP DARYANI, WRITTEN ON MY PASSPORT. I HAVE CHANGED MY NAME. NOW I WILL BE KNOWN AS DILIP KUMAR DARYANI S/O SHANKAR LAL DARYANI R/O H.NO. A-1, PHASE II, PLOT NO.11, CORNEL CORNER, GONDAR MAU, PO- GANDHI NAGAR, BHOPAL (M.P.) 462036

3994

# तीन दिवसीय चेटीचंड उत्सव कल से

## दुल्हन की तरह सज रहा संतनगर, जगह-जगह बन रहे तोरण द्वार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** चेटीचंड पर निकलने वाली शोभा यात्रा की तैयारियां अंतिम चरणों में है। सिंधु समाज संतनगर 20 मार्च को भव्य शोभा यात्रा निकालेगा, जो उपनगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए मुख्य मार्ग पर पहुंचेगी। शोभायात्रा में रथ पर ईष्टदेव भगवान झूलेलालजी सवार होंगे। इसके साथ ही संत- महात्मा भी बगियो में सवार होकर नगर का भ्रमण करेंगे।

शोभा यात्रा के संयोजक कन्हैयालाल इसरानी ने बताया कि ऊंट, घोड़े, बगियां, बैण्ड शोभायात्रा को भव्य बनाएंगे और शोभायात्रा में आकर्षक लाइटिंग होगी। शहर को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। जगह-जगह तोरण द्वार भी बनाए जा रहे है। शाम 04 बजे सिंधु समाज भवन में बहिराणा साहिब की ज्योत प्रज्जवलित की जाएगी। उसके बाद शाम को 05:30 बजे शोभायात्रा सिंधु समाज से प्रस्थान करेगी। आयोजन समिति के सदस्य एवं पदाधिकारी शोभायात्रा में सफेद कुर्ता, पजामा पहनेंगे। चैतीचांद पर 21 मार्च को भव्य सिंधी कार्यक्रम का भी आयोजन दशहरा मैदान पर होगा, जिसमें सिंधी कलाकार छत्तीसगढ़, रायपुर के युवा कलाकार सक्षम कटारिया व अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।



# नौकरी नहीं मिलने पर नाबालिग ने चुराया 15 लाख का डंपर

**नप्र, भोपालः** नौकरी देने से मना करने पर गुस्साए एक नाबालिग किशोर ने डंपर मालिक का 15 लाख रुपए कीमत का डंपर ही चोरी कर लिया। जीआरपी भोपाल ने तत्परता दिखाते हुए 48 घंटे के भीतर आरोपी को पकड़कर डंपर बरामद कर लिया।

थाना प्रभारी निरीक्षक जहीर खान के अनुसार, 15 मार्च की रात करोंद निवासी मिराज खान ने शिकायत दर्ज कराई कि पश्चिम रेलवे कॉलोनी स्थित निर्माणाधीन साइट से उनका डंपर चोरी हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी गया डंपर जेपी नगर स्थित कार्बाइड फैक्ट्री के पास खड़ा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो डंपर में एक नाबालिग किशोर सोता हुआ मिला। पूछताछ में उसने डंपर चोरी करना स्वीकार किया। किशोर ने बताया कि वह एक दिन पहले ही डंपर मालिक के पास नौकरी मांगने गया था, लेकिन नाबालिग होने के कारण उसे मना कर दिया गया। इससे नाराज होकर उसने गुस्से में आकर डंपर चोरी कर लिया।

**MADHYA PRADESH JAL NIGAM**

(A Govt. of Madhya Pradesh Undertaking)

8, Arera Hills, Bhopal - 462004, Web. : mpjalnigam.mp.gov.in, E-mail : mpjalnigam@mp.gov.in

CIN - U41000MP2012SGC028798

NIT No. 33/Proc./MPJN/2025-26 Bhopal, Dated 17.03.2026

**NOTICE INVITING E-TENDER**

Madhya Pradesh Jal Nigam, Bhopal invites online Tender for Hiring of Agency for Housekeeping, Gardening & Security services for Madhya Pradesh Jal Nigam Head Office at Bhopal through Madhya Pradesh Government E-Procurement Portal.

| NIT No. | Name of Work | Probable Amount of Contract (INR) | Cost of Tender Form (INR) | EMD (INR) | Time Duration |
|---|---|---|---|---|---|
| 33 | Hiring of Agency for Housekeeping, Gardening & Security services for Madhya Pradesh Jal Nigam Head Office at Bhopal | 88,76,354/- | 10,000/- | 88,800/- | 1 Year |

Interested bidders can view/download/purchase the bid document online from M.P. Government E-Procurement Portal from 18.03.2026, 17:30 Hrs. Bidding process dates mentioned as critical dates on M.P. Government E-Procurement Portal will be applicable. Corrigendum/Addendum in NIT, if any, would be published on portal only and not in newspapers.

M.P. Government E-Procurement **Portal - https://mptenders.gov.in**

M.P. Madhyam/124971/2026 **MANAGING DIRECTOR**

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल**

क्रमांक/पु.उपा./मुख्या./न.पु./भो/निविदा/ 635 /26 दिनांक : 17/03/2026

**ई-निविदा सूचना**

'मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संसोधित 2022' एवं पुलिस मुख्यालय के नियमानुसार इस कार्यालय द्वारा यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित 02 सोलर ट्रेफिक सिगनल की स्थापना एवं मेंटेनेन्स कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रं. | कार्य का विवरण | निविदा शुल्क | अनुमानित व्यय राशि (जीएसटी सहित) | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 02 सोलर ट्रेफिक सिगनल की स्थापना एवं मेंटेनेन्स कार्य | 3,000/- | 25,54,000/- | 76,620/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल म.प्र. के नाम से बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जावेंगी ।
2. निविदा शुल्क ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है। ईएमडी में पात्रतानुसार छूट प्राप्त की जा सकेगी।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders. gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में कार्यालय, पुलिस उपायुक्त (यातायात) नगरीय पुलिस जहांगीराबाद भोपाल से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**अनुसूची :-**

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 17/03/2026 के 17:00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 17/03/2026 के 17:00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 24/03/2026 के 17:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 25/03/2026 के 17:00 बजे |
| निविदा खोले जाने का स्थान | थाना यातायात नगरीय पुलिस भोपाल |

जी-27585/25

**पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस, भोपाल**